मेरा कॉलम

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

फूल, फीता, अर्थी

सड़क पर सायरन बजाती पुलिस की गाड़ियां ऐसे भागीं जैसे कोई बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हाथ लग गया हो। आगे पीछे ब्रेक लगे और बत्तियां नचाकर जब जवानों ने बंदूक तानते हुए गठरी नीचे रखने को कहा, तो असल में पूरे मुल्क के विकास का नकाब उतर गया। वो कोई कुख्यात स्मगलर नहीं बल्कि बत्तीस साल का बिरजू था, जिसकी मैली धोती और थरथराते घुटनों के बीच चादर में कोई सोना या गैरकानूनी हथियार नहीं बल्कि उसकी छह साल की बेटी चंदा की ठंडी लाश लिपटी थी। सब इंस्पेक्टर साहब ने अपनी वर्दी का रुआब झाड़ते हुए तुरंत सेफ सिटी गाइडलाइंस और धारा एक सौ चौवालीस की पोथी खोल दी कि सड़क पर ऐसे खुलेआम लाश ढोना नियमों के सख्त खिलाफ है, भला अस्पताल की एंबुलेंस क्यों नहीं बुलाई।

बिरजू ने रोते हुए बताया कि मोर्चरी के बाहर जो चमचमाता डिजिटल कियोस्क लगा है, उसने साफ समझा दिया कि आज के नए भारत में सांस टूटना भले मुफ्त हो पर श्मशान जाने के लिए यूपीआई का बैलेंस जरूरी है। अस्पताल का बाबू पीपीपी मॉडल की नियम पुस्तिका सीने से चिपकाए बैठा था और बारह सौ रुपये का ऑनलाइन पेमेंट न होने पर दया की जगह ऑडिट का डर दिखा रहा था। सबसे खूबसूरत तमाशा तो यह था कि बाहर अस्पताल को डिजिटल गवर्नेंस एक्सीलेंस का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने वाला एलईडी बोर्ड जगमगा रहा था और गैरेज में सरकारी शव वाहन गेंदे के फूलों से सजकर वीआईपी आराम फरमा रहा था, क्योंकि अगली सुबह माननीय मंत्री जी को उसका पुनर्लोकार्पण करके अखबारों में अपनी मुस्कान छपवानी थी।

जब वायरलेस पर कंट्रोल रूम ने पूछा कि क्या कोई संदेहास्पद वस्तु बरामद हुई, तो पहली बार खाकी वर्दी का गला रुंध गया और उसने सच उगल दिया कि कोई खतरा नहीं बस एक लाचार बाप जा रहा है। तभी हाईवे से किसी नेताजी का वीआईपी काफिला हवा चीरता हुआ निकला और बिरजू ने अपनी छह साल की दुनिया को दोबारा कंधे पर लादकर पगडंडी नापना शुरू कर दिया। पुलिस की लग्जरी पेट्रोलिंग कार का हाईटेक एआई कैमरा उस नंगे पैर चलते बाप को स्क्रीन पर ट्रैक तो बहुत कायदे से कर रहा था, बस उसके पूरे कोड और एल्गोरिदम में इतनी तमीज का कोई सेंसर नहीं था जो यह नाप सके कि उस लाचार रीढ़ पर असल में इस पूरे सड़े हुए सिस्टम का पाप लदा हुआ है।

फुटतालाब के गरबों में जमा रंग, गुजराती गीतों पर थिरक रहीं युवक-युवतियों की टोलियां

एक जैसी ड्रेस में पहुंच रहे ग्रामीण, गुजरात के गरबा महोत्सव जैसा माहौल

मेघनगर। श्री वनेश्वर मारुति नंदन कुटीर हनुमान मंदिर, फुटतालाब में चल रहे गरबा महोत्सव की रौनक बढ़ने लगी है। गुजराती गीतों की धुन पर युवक-युवतियां गरबा कर रहे हैं। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में जनजातीय युवक-युवतियां अपनी-अपनी टोलियों के साथ यहां पहुंच रहे हैं। एक जैसी ड्रेस में गरबा करती टोलियां आयोजन का खास आकर्षण बनी हुई हैं।

फुटतालाब का गरबा महोत्सव अब जिलेभर में चर्चा का विषय बन रहा है। यहां गुजरात के बड़े शहरों की तरह भव्य आयोजन देखने को मिल रहा है। गरबा खेलने और देखने के लिए झाबुआ, पेटलावद, करवड़, रायपुरिया सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के उत्साह के बीच मंदिर परिसर में देर रात तक गरबा की धूम रहती है।

गुजराती गरबा के साथ दिख रही स्थानीय संस्कृति

गुजरात में नवरात्रि के दौरान गरबा का विशेष महत्व है। यह मां दुर्गा की आराधना से जुड़ा पारंपरिक लोकनृत्य है। इसमें महिला-पुरुष गोल घेरे में तालियों और संगीत की लय पर कदम मिलाकर नृत्य करते हैं। गुजराती गरबा में रंग-बिरंगे पारंपरिक कपड़े, चनिया-चोली और कढ़ाईदार केडियू खास पहचान रखते हैं।

फुटतालाब में भी गुजराती गीतों पर गरबा करते युवक-युवतियां इसी परंपरा की झलक दिखा रहे हैं। आसपास के दर्जनों गांवों से आने वाली टोलियां एक जैसी ड्रेस पहनकर सामूहिक गरबा करती हैं।

पारंपरिक पहनावे और तालमेल के साथ नृत्य करती इन टोलियों को देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यहां गुजराती गरबा और स्थानीय जनजातीय संस्कृति का सुंदर मेल देखने को मिल रहा है।

गुजरात के कलाकार दे रहे आकर्षक प्रस्तुतियां

महोत्सव से जुड़े सुरेशचंद्र जैन ने बताया कि आयोजन में गुजरात के कलाकार गरबा नृत्य के साथ आकर्षक नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत कर रहे हैं।

वहीं, आसपास के गांवों की युवक-युवतियां भी अपनी टोलियों के साथ उत्साह से गरबा कर रही हैं। कलाकारों की प्रस्तुतियों और स्थानीय प्रतिभागियों के उत्साह से महोत्सव की रौनक बढ़ रही है।

माता की आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु

मंदिर के पुजारी दिलीप दासजी और पुजारी मदन व्यास के मार्गदर्शन में प्रतिदिन माता की पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया जा रहा है। रात 9 बजे होने वाली आरती में फुटतालाब सहित मेघनगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। माता की आरती, गुजराती गीतों और गरबा नृत्य से मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

खेतिया में 101 मीटर की चुनरी लेकर निकली भव्य यात्रा, माता के जयकारों से गूंजा नगर

खेतिया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में 101 मीटर की विशाल चुनरी के साथ भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में सकल हिंदू समाज एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू हुई यात्रा, महाराष्ट्र स्थित प्राचीन कोचरा माता मंदिर में चुनरी अर्पित कर लिया आशीर्वाद

चुनरी यात्रा का शुभारंभ नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर से हुआ। यहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए।

यात्रा माता चौक स्थित माता मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात यात्रा महाराणा प्रताप चौक, गांधी चौक एवं अशोक रोड होते हुए महाराष्ट्र स्थित प्राचीन कोचरा माता मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने माता रानी को 101 मीटर की चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं क्षेत्र की उन्नति की कामना की।

मातृशक्ति सहित सकल हिंदू समाज ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

यात्रा के दौरान श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। 101 मीटर की विशाल चुनरी यात्रा का प्रमुख आकर्षण रही। पूरे मार्ग में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।

मातृशक्ति सहित सकल हिंदू समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेकर धार्मिक एकता और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नगर और जिला पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचीन कोचरा माता मंदिर में चुनरी अर्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ यात्रा श्रद्धा और भक्तिभाव से संपन्न हुई।

पलसूद उपमंडी में मक्का नीलामी का श्रीगणेश, पहले दिन 55 वाहन पहुंचे, 2410 रु. तक बिका मक्का

पलसूद।(इंदौर समाचार) नगर स्थित कृषि उपज उपमंडी में सोमवार को मक्का नीलामी का विधिवत शुभारंभ हुआ। मुहूर्त के दिन ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे। मंडी प्रशासन द्वारा पूजा-अर्चना कर किसानों का तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसके बाद नीलामी शुरू की गई।

पहले दिन मक्का से भरे 55 वाहन मंडी में पहुंचे। पंजीकृत व्यापारियों ने बोली लगाकर किसानों की उपज खरीदी। इस दौरान मंडी में उत्साह का माहौल रहा। भाव रहे मजबूत- मंडी में मक्का का न्यूनतम भाव 1450 रुपये प्रति क्विंटल और अधिकतम भाव 2410 रुपये प्रति क्विंटल रहा। ये रहे मौजूद- इस अवसर पर व्यापारी विनोद अग्रवाल, रामेश्वर राठौड़, मुकेश अग्रवाल, रवि राठौड़, रविंद्र राठौड़, महेश राठौड़, मनोज राठौड़, मोनू अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, राहुल राठौड़, नितेश राठौड़, प्रदीप राठौड़, कान्हा राठौड़, बालू राठौड़, दिलीप राठौड़, नरेश राठौड़ सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे। वहीं मंडी निरीक्षक रदा मेहता, उपनिरीक्षक जामसिंह सुलिया, सुरक्षा गार्ड शिवराम अलावे सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बिजली कटौती पर किसान कांग्रेस महा सचिव ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

मूंदी। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को संबोधित करते हुए सोलंकी ने सवाल उठाया की आखिर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से क्या दुश्मनी है जो लोड सेटिंग के नाम पर लगातार बिजली काटी जा रही है।

सोलंकी ने आरोप लगाया कि बिजली कटौती से आम जनता और किसान परेशानहै लेकिन उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है गजेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिन और रात लगातार बिजली कटौती की जा रही है किसान पहले से ही फसलों के उचित दाम एवं खाद नहीं मिलने के कारण परेशान है ऐसे में बिजली की समस्या उनकी मुश्किलें और बढ़ा रही है उन्होंने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब आम जनता अपनी समस्या लेकर अधिकारियों से संपर्क करना चाहती है तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है शहरी क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोड सेटिंग के नाम पर रोजाना घंटे बिजली काटी जा रही है जबकि शहरी क्षेत्र में ऐसी परेशानी काम ही दिखाई देती है उन्होंने इसे ग्रामीण जनता के साथ अन्याय बताते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और बिजली विभाग से जवाब मांगा।

सोलंकी ने कहा कि ग्रामीणों को लगातार परेशान किया जा रहा है उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहां की जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोग सड़कों पर उतर कर इसका जवाब देंगे उन्होंने बिजली विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की

उत्कृष्ट सड़क के डिवाइडर पर खड़े सूखे वृक्षों को सुरक्षा की दृष्टि से कटवाने की मांग

मप्र चालक-परिचालक कल्याण संघ जिलाध्यक्ष हाजी लाला ने कलेक्टर के नाम जनसुनवाई में दिया आवेदन



झाबुआ। मध्यप्रदेश चालक-परिचालक कल्याण संघ जिलाध्यक्ष हाजी लाला ने 13 अक्टूबर, मंगलवार दोपहर कलेक्ट्रोरेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर के नाम आवेदन जिला प्रशासन को सौंपा। जिसमें उत्कृष्ट सड़क के डिवाइडरों पर खड़े सूखे वृक्षों को सुरक्षा की दृष्टि से जल्द ही कटवाएं जाने की मांग की।

दिए गए आवेदन में संगठन जिलाध्यक्ष हाजी लाला ने बताया कि शहर के विजय स्तंभ तिराहे से लेकर दिलीप गेट के बीच उत्कृष्ट सड़क के डिवाइडर पर 2-3 सूखे वृक्षों के गिरने से कभी भी पैदल राहगीरों और वाहन चालकों के साथ घटना या दुर्घटना होने की प्रबल संभावना है। इस तरह की घटना पूर्व में कई बार उत्कृष्ट सड़क पर हो चुकी है, जिसे देखते हुए उत्कृष्ट सड़क पर डिवाइडरों पर खड़े सूखे पेड़ों को सुरक्षा के मद्देनजर कटवाया जाना अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई जनहानि ना हो। आवेदन प्राप्त करने के बाद जिला प्रशासन की ओर से इस मामले में जल्द ही कार्रवाई हेतु संगठन को आश्वस्त किया गया।

स्वामित्व योजना का कार्य नहीं करेंगे पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक, संगठन ने दी हड़ताल की चेतावनी

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पानसेमल से दिलीप निकुम पानसेमल। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव/सहायक सचिव संगठन संयुक्त मोर्चा द्वारा स्वामित्व योजना के कार्यों को लेकर विरोध जताते हुए जनपद पंचायत सीईओ और तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है। आज शुक्रवार दोपहर 1 बजे बताया गया कि संगठन ने पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों से स्वामित्व योजना का कार्य नहीं कराने की मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शासन द्वारा संचालित स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 के क्रियान्वयन में पंचायत सचिवों और सहायक सचिवों को निष्पादक (Executor), ई-केवाईसी (e-KYC) सहित अन्य व्यक्तिगत एवं तकनीकी दायित्वों वाले कार्यों में शामिल किया जा रहा है।

संगठन का कहना है कि स्वामित्व योजना का कार्य संबंधित राजस्व विभाग के माध्यम से कराया जाना चाहिए। संगठन के पानसेमल अध्यक्ष पंचायत सचिव विजय माली ने स्पष्ट किया है कि प्रांतीय संगठन के निर्देशानुसार पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक स्वामित्व योजना का कार्य नहीं करेंगे।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि इस कार्य के लिए पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों पर दबाव बनाया जाता है, तो संगठन के आह्वान पर सभी संबंधित कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे। वहीं कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को भी ज्ञापन सूचनार्थ भेजा गया है।

देवीसिंह फलिया, ग्राम गोंगवाड़ा के ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर ली सदस्यता

पानसेमल से दिलीप निकुम पानसेमल। क्षेत्र में भाजपा को बड़ी मजबूती मिली है। ग्राम गोंगवाड़ा के देवीसिंह फलिया के 40 से अधिक परिवार, जो पिछले 50 वर्षों से कांग्रेस से जुड़े थे, आज भाजपा में शामिल हो गए। सभी कार्यकर्ता पानसेमल विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण करने पहुंचे थे। जहाँ पानसेमल विधायक श्री श्याम बड़ेद और भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री चंद्रकांत महाजन ने भाजपा का गमछा पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान जलसा पर स्थित कार्यालय पर खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक श्याम बड़ेद ने हमारी पंचायत में कई विकास कार्य कराए हैं।

उनके विकास कार्यों से प्रभावित होकर ही हम भाजपा में शामिल हो रहे हैं इस अवसर पर विधायक श्याम बड़ेद ने कहा कि - प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की जनहितैषी योजनाओं और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास की श्रृंखला से प्रभावित होकर लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। पूर्व में भी कई कांग्रेसी साथी भाजपा में आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन साथियों ने अपनी आंखों से अपने गांव में विकास देखा है। हमने इनसे स्पष्ट पूछा है कि किसी के दबाव या बहकावे में आकर पार्टी न बदलें। इन सभी ने कहा कि हम स्वेच्छा से, बिना किसी दबाव के, केवल विकास देखकर भाजपा में आ रहे हैं। विधायक ने सभी नए कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि जिन गांवों में हमारे कार्यकर्ता नहीं थे, वहां भी हमने विकास कार्य कराए हैं। हमारा नारा ही विकास का है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणों के जनहित कार्यों को पूरा करने के लिए हम सदैव प्रयासरत रहेंगे।

क्षेत्र के 13 तालाबों की मरम्मत एवं नहर सुधार की मांग

सनावद(विजय गुप्ता) बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश तालाब अत्यंत पुराने हैं।वर्षों से मरम्मत कार्य से वंचित इन तालाबों की पालें,मुरूम पाथ, पिचिंग,मुख्य नहरें एवं वेस्ट वियर आदि अत्यंत जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। इस कारण तालाबों की जल संग्रहण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और तालाबों में जल के अभाव में किसानों को सिंचाई हेतु जल नहीं मिल पा रहा है। यह जानकारी विधायक सचिन बिरला ने जिला कलेक्टर एवं जिला जल संसाधन संभाग के कार्यपालन यंत्री को प्रेषित पत्र में दी है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के 13 प्रमुख तालाबों की तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है और इन तालाबों की पालों की मरम्मत,पहुंच मार्ग का निर्माण एवं नहर सुधार जैसे आवश्यक कार्य अत्यंत आवश्यक है। पत्र में बेड़िया के समीप स्थित लाछोरा तालाब तक 5 सौ मीटर लंबे पहुंच मार्ग का निर्माण,पिचिंग कार्य,नहर की मरम्मत एवं तालाब पर पानी रोकने के लिए लोहे का गेट निर्माण,सुरतीपुरा तालाब तक 2 किमी लंबे पहुंच मार्ग का निर्माण, जीरभार तालाब के टॉप पर मुरूम टॉपिंग एवं पिचिंग तथा नहर सुधार,जामन्या तालाब में पिचिंग कार्य एवं टॉप पर मुरूम टॉपिंग एवं नहर सुधार कार्य, कोटल्याखेड़ी तालाब के टॉप पर मुरूम टॉपिंग एवं पिचिंग कार्य, दसौड़ा तालाब तक 2.80 किमी लंबे पहुंच मार्ग,अर्थ वर्क,मुरूम टॉपिंग व पिचिंग कार्य तथा नहर मरम्मत,बाल्या तालाब तक 2.80 किमी लंबे पहुंच मार्ग का निर्माण एवं पिचिंग कार्य,धनकला तालाब तक 1.10 किमी लंबे पहुंच मार्ग का निर्माण एवं पिचिंग कार्य।सेल्दा तालाब के टॉप पर मुरूम टॉपिंग एवं पिचिंग कार्य, डालची तालाब तक 8 से सौ मीटर लंबे पहुंच मार्ग निर्माण व टॉप पर मुरूम टापिंग कार्य,हीरापुर बांध के टॉप पर मुरूम टॉपिंग एवं पिचिंग कार्य एवं नहर मरम्मत,लौंदी बी तालाब तक 2 किमी लंबे पहुंच मार्ग का निर्माण एवं पिचिंग कार्य एवं बामनखली तालाब के टॉप पर मुरूम टॉपिंग, पिचिंग तथा वेस्ट वियर की सफाई हेतु पर्याप्त धनराशि जारी करने की मांग की गई है। ताकि किसानों को सिंचाई हेतु जल उपलब्ध हो सके।